# एक अप्रैल तक पूरा हो जाएगा पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे

## सीएम ने हवाई व स्थलीय निरीक्षण कर दिए निर्देश, पीएम मोदी से 15 अप्रैल तक लोकार्पण कराने की कवायद

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊ, अयोध्या, अंबेडकरनगर, सुल्तानपुर, आजमगढ़ व गाजीपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का स्थलीय व हवाई निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को एक अप्रैल तक इसका निर्माण कार्य पूरा कर 15 अप्रैल तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लोकार्पण कराने की तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। इससे लखनऊ से गाजीपुर तक बन रहे पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर अप्रैल से गाड़ियां दौड़ने लगेंगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता न करने की हिदायत देते हुए कहा कि पूर्वांचल के जिलों के लिए औद्योगिक विकास का खाका तैयार करें।




गाजीपुर में कासिमाबाद स्थित पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। साथ में यूपीडा के सीईओ अवनीश अवस्थी।

उन्होंने लखनऊ में एक्सप्रेस-वे के निरीक्षण के दौरान कहा कि पहले एक साल की योजनाओं को पूरा करने में 12 साल लगा दिए जाते थे। मगर मौजूदा प्रदेश सरकार ने चार साल में इस कार्य संस्कृति को बदला है। कोरोना के चलते हुए लॉकडाउन के बावजूद पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का निर्माण तय समय से पहले पूरा कर जनता को समर्पित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने इस एक्सप्रेस-वे की समीक्षा के दौरान ढांचागत कार्य 31 मार्च तक पूरा करने और मेन कैरिज-वे के साथ ही सर्विस लेन का कार्य भी पूरा करने के निर्देश दिए। वहीं, साइनेज का कार्य भी चलाने के लिए कहा। उन्होंने स्थानीय प्रशासन को निर्माण कंपनियों को सहयोग देने के साथ एक्सप्रेस-वे से जुड़े जिलों में एमएसएमई क्लस्टर विकसित करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, यूपीडा के अधिकारी ने बताया कि प्रवक्ता ने बताया कि इस साल के अंत तक पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर सभी तरह के वाहनों को चलने की अनुमति मिलने की संभावना है। निरीक्षण के दौरान यूपीडा के सीईओ अवनीश अवस्थी भी मौजूद थे।

## आजमगढ़ के नाम से कांपते थे लोग

आजमगढ़ में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसंवाद किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि चार वर्ष पहले तक लोग आजमगढ़ के नाम से कांपते थे। आजमगढ़ वाले कहीं जाते थे तो लोग उन्हें किराए पर मकान नहीं देते थे। अब आजमगढ़ विकास की एक नई उम्मीद के साथ आगे बढ़ रहा है। यह आशा की किरण पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे है, जो यहां के औद्योगिक विकास को एक नई ऊंचाई देगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आजमगढ़ में विश्वविद्यालय भी बना रही है। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेस-वे से जुड़े हर जिले में औद्योगिक क्लस्टर भी विकसित किया जाएगा। जिससे पूर्वी यूपी के युवा रोजगार से जुड़ पाएंगे। इसके लिए युद्ध स्तर पर तैयारी की जा रही है।